




एचबीटीयू की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता एचबीटीयू की टीम ● जागरण

# क्रिकेट, फुटबाल और बास्केटबाल में एचबीटीयू टीम ने दर्ज की खिताबी जीत

**जासं, कानपुर:** एचबीटीयू द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन क्रिकेट, फुटबाल और बास्केटबाल में एचबीटीयू की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर धमाकेदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए फाइनल राउंड के मैच में एचबीटीयू के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। 15 विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों के बीच एचबीटीयू के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर खिताबी जीत दर्ज की।

रविवार को एचबीटीयू खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एचबीटीयू बनाम एबीईएस गाजियाबाद की टीम के बीच खेला गया। इसमें एचबीटीयू एकादश ने गाजियाबाद को 16 रन से शिकस्त दी। मैच में एचबीटीयू के सोनू यादव ने 55 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, बास्केटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एचबीटीयू और एमआइटी मुरादाबाद के बीच खेला गया। इसमें एचबीटीयू ने 37 व एमआइटी ने 28 अंक हासिल किए। एचबीटीयू ने बास्केटबाल प्रतियोगिता में भी खिताबी जीत दर्ज की। वहीं, सायंकाल खेले गए फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एचबीटीयू ने आरइसी कन्नौज को रोमांचक मुकाबले में 7-6 से पराजित किया। प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को एचबीटीयू के प्रबंधन की ओर से ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया।